an>

Title: Need to launch skill development programmes in Uttarakhand to enable people to earn their livelihood and prevent large scale migration of people from the State.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): महोदय, संपूर्ण हिमालयी क्षेत्र देश के लिए सामरिक रूप से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ दशकों से समूचा पर्वतीय क्षेत्र पलायन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। अनियंत्रित पलायन से जहां एक ओर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है वहीं दूसरी ओर हमारी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों को अप्रत्याशित क्षति हो रही है। पलायन का मूल कारण पर्वतीय क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है। मौसम परिवर्तन, मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव तथा समय-समय पर आने वाली भीषण प्राकृतिक आपदा ने क्षेत्र के लोगों की कमर तोड़ दी है। केदारनाथ की भयावह आपदा और हाल में कश्मीर में आई जल प्रलय इसका जीता-जागता प्रमाण है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि देश और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हिमालय क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ कौशल विकास कार्यक्रम चलाएं जो स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हो। पर्वतीय क्षेत्र में कृषि, बागवानी, कुटीर उद्योग पर आधारित रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं ताकि इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Chand Nath – not present.